रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33002/99 REGD. No. D. L.-33002/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

दिल्ली राजपत्र
सत्यमेव जयते
Delhi Gazette

एस.जी.-डी.एल.-अ.-16072026-274541
SG-DL-E-16072026-274541

असाधारण
EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | | |
|---|---|---|
| सं. 4] | दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 7, 2026/आषाढ 16, 1948 | [रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 95 |
| No. 4] | DELHI, TUESDAY, JULY 7, 2026/ASHADHA 16, 1948 | [N. C. T. D. No. 95 |

भाग III
PART III

## राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार
## GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

### नई दिल्ली नगरपालिका परिषद

### अधिसूचना

दिल्ली, 6 जुलाई, 2026

**सं. ए-12011/9/2023-एच (एस्टट.)-II/डी-459(ई).—** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद अधिनियम, 1994 (1994 का 44) की धारा 43 की उपधारा (1) के खंड (ग) एवं (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा उक्त अधिनियम की धारा 387 की उपधारा (2) के अनुसार केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, चिकित्सा सेवा विभाग में "क्षयरोग स्वास्थ्य परिदर्शक" के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात्:—

**1. संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारंभ, -** (1) इन विनियमों का नाम "नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, चिकित्सा सेवा विभाग, क्षयरोग स्वास्थ्य परिदर्शक (समूह 'ग' पद) भर्ती विनियम, 2026" होगा।

(2) ये विनियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

**2. पदों की संख्या, वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स में स्तर, -** उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स में स्तर, इन विनियमों से संलग्न अनुसूची के स्तंभ (2) से (4) में विनिर्दिष्ट अनुसार होंगे।

**3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि, -** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं तथा उससे संबंधित अन्य विषय वे होंगे, जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. अयोग्यता, -** कोई व्यक्ति—

**(क)** जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है अथवा विवाह की संविदा की है, जिसका पति या पत्नी जीवित है; अथवा

**(ख)** जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है अथवा विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा:

बशर्ते कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, यदि संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू पर्सनल लॉ के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार भी हैं, तो वह किसी भी व्यक्ति को इस विनियमन के लागू होने से छूट दे सकती है।

**5. प्रारंभिक गठन, -** इन विनियमों के प्रवर्तन से पूर्व अथवा प्रवर्तन की तिथि पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में **"क्षयरोग स्वास्थ्य परिदर्शक"** के समूह 'ग' पद पर नियमित आधार पर कार्यरत सभी अधिकारी, इन विनियमों के अंतर्गत संबंधित ग्रेड में नियुक्त माने जाएंगे तथा उनकी नियमित निरंतर सेवा को पदोन्नति एवं वरिष्ठता के प्रयोजनार्थ गणना में लिया जाएगा।

**6. छूट देने की शक्ति, -** जहां केन्द्रीय सरकार का मत है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह आदेश द्वारा तथा लिखित में कारण रिकॉर्ड करके किसी वर्ग या श्रेणी के व्यक्तियों के संबंध में इन विनियमों के किसी उपबंध में छूट दे सकती है।

**7. व्यावृति, -** इन विनियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष वर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबंध किया जाना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन अथवा अचयन पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| क्षयरोग स्वास्थ्य परिदर्शक | 04* (2026)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तनशील* | समूह 'ग' | वेतन मैट्रिक्स स्तर-5 (₹29,200–92,300) | लागू नहीं |

| सीधी भर्ती हेतु आयु-सीमा | शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं | क्या आयु एवं शैक्षणिक अर्हताएं पदोन्नति प्राप्त व्यक्तियों पर लागू होंगी | परिवीक्षा अवधि |
|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 9 |
| 18 से 27 वर्ष।<br><br>विभागीय अभ्यर्थियों हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार 40 वर्ष तक | **(i)** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण।<br>**(ii)** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से क्षयरोग स्वास्थ्य परिदर्शक में द्विवर्षीय डिप्लोमा।<br>**टिप्पणी-1:** अन्यथा पूर्णतः योग्य | लागू नहीं | सीधी भर्ती हेतु दो वर्ष।<br><br>**टिप्पणी:** परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु अध्यक्ष, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद द्वारा निर्धारित न्यूनतम दो सप्ताह का अनिवार्य प्रारंभिक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| आयु-सीमा में छूट दी जा सकेगी।<br><br>**टिप्पणी:** आयु-निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी। | अभ्यर्थियों के मामले में, कारण अभिलिखित करते हुए, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अर्हताओं में शिथिलीकरण किया जा सकेगा।<br><br>**टिप्पणी-2:** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के मामले में अनुभव संबंधी अर्हता में शिथिलीकरण किया जा सकेगा। | | प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक होगा। |

| भर्ती की पद्धति | पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती हेतु पात्रता | विभागीय पदोन्नति समिति | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श |
|---|---|---|---|
| 10 | 11 | 12 | 13 |
| सीधी भर्ती, अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा | **प्रतिनियुक्ति:**<br>केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के ऐसे अधिकारी—<br><br>**(i)** जो अपने मूल कैडर/विभाग में समकक्ष पद पर नियमित आधार पर कार्यरत हों; तथा<br>**(ii)** जो स्तंभ (7) में विनिर्दिष्ट शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते हों।<br><br>**टिप्पणी-1:** प्रतिनियुक्ति अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br><br>**टिप्पणी-2:** प्रतिनियुक्ति हेतु अधिकतम आयु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। | **समूह 'ग' विभागीय स्थायीकरण समिति**<br><br>1. निदेशक (कार्मिक), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद — अध्यक्ष।<br>2. निदेशक (चिकित्सा सेवाएं) अथवा एलोपैथी संवर्ग के वरिष्ठतम चिकित्सक — सदस्य।<br>3. संयुक्त निदेशक (संबंधित स्थापना), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद — सदस्य। | लागू नहीं |

सतीश कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक-II)

**NEW DELH MUNICIPAL COUNCIL**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 6th July, 2026

**No. A-12011/29/2023-H(Estt.)-II/D-459(E),—** In exercise of the powers conferred by clause (c) and (e) of sub-section (1) of section 43 of the New Delhi Municipal Council Act, 1994 (44 of 1994) and with the approval of Central Government in terms of sub-section (2) of section 387 of the said Act, the New Delhi Municipal Council hereby makes the following regulations regulating the method of recruitment to the post of Tuberculosis Health Visitor in Medical Services Department, New Delhi Municipal Council, namely:-

1. **Short title and commencement,-** (1) These regulations may be called the, New Delhi Municipal Council, Medical Services Department, Tuberculosis Health Visitor (category C Post) Recruitment Regulations, 2026.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in pay matrix,-** The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these regulations.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc**,- The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification,-** No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living;

or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post;

Provided that the New Delhi Municipal Council may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this regulation.

5. **Initial Constitution**,- All the existing officials holding category ‘C’ posts of Tuberculosis Health Visitor in New Delhi Municipal Council on regular basis on or before the commencement of these regulations shall be deemed to have been appointed under these regulations in respective grades and their regular continuous service shall be counted for the purpose of promotion and seniority etc.

6. **Power to relax**,- Where the Central Government, is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reason to be recorded in writing, relax any of these regulations with respect to any class or category of persons.

7. **Saving**,- Nothing in these regulations shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, the Economically Weaker Sections, the Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**Schedule**

| Name of post. | Number of post. | Classification. | Level in pay matrix. | Whether selection post or non-selection post. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Tuberculosis Health Visitor. | 4* (2026) * Subject to variation dependent on workload. | Category C post. | Level-5 (Rs 29200-92300) in the pay matrix . | Not applicable. |

| Age-limit for direct recruits. | Educational and other qualifications required for direct recruits. | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation, if any. |
|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 | 9 |
| Between 18 and 27 years of age.<br>(Relaxable for the departmental candidates upto forty years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government from time to time).<br>Note,-The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Lahaul and Spiti District and Pangi Division of Chamba District of Himachal Pradesh and the Union Territories of Ladakh, Andaman and Nicobar and Lakshadweep. | (i) 12th class pass from a recognized Board.<br>·(ii)Two year Diploma Course in Tuberculosis Health Visitor from a recognized Institution.<br>Note 1 : Qualifications are relaxable at the discretion of the New Delhi Municipal Council or competent authority, for reasons to be recorded in writing, in the case of candidates otherwise well qualified.<br>Note 2 : The qualifications regarding experience are relaxable at the discretion of the New Delhi Municipal Council or competent authority, for reasons to be recorded in writing, in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, if any stage of selection, the New Delhi Municipal Council or competent authority is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them. | Not applicable | Two years for direct recruits.<br>Note,- There shall be a mandatory induction training of at least two weeks duration, as prescribed by the Chairman, New Delhi Municipal Council for completion of probation. |

| Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of vacancies to be filled by various methods. | In case of recruitment by promotion or deputation /absorption, grades from which promotion or deputation /absorption to be made. | If Departmental Promotion Committee exists, what is its composition. | Circumstances in which the Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|---|
| 10 | 11 | 12 | 13 |
| By Direct Recruitment, failing which by deputation. | Deputation:<br>Officers of the Central Government or State Governments or the Union territory Administrations,-<br>Holding analogous posts on regular | **Category C**<br>Departmental Confirmation Committee<br>**(for considering confirmation/Selection):** | Not applicable. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | basis in the parent cadre/ department; and<br><br>possessing the qualifications and experience prescribed for direct recruits under column(7).<br><br>Note 1,- The period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organization or department of the Central Government or the State Governments or the Union territory Administrations shall ordinarily not to exceed three years.<br><br>Note 2,- The maximum age-limit for appointment by deputation shall not be exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications. | (i) Director (P) New Delhi Municipal Council - Chairman;<br><br>(ii) Director (Medical Services) or Senior Most Doctor from Allopathy Cadre, New Delhi Municipal Council - Member;<br><br>iii. Joint Director (concerned Estt.) New Delhi Municipal Council - Member. | |

SATISH KUMAR SINGH, Director (Personnel-II)

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

VINOD KUMAR
Digitally signed by VINOD KUMAR
Date: 2026.07.16 12:28:16 +05'30'